ANNEXURE 3.3

CA Appointment Agreement. FY : 2016 -17 & 2017-18

कार्यालय – नगर निगम मथुरा–वृन्दावन, मथुरा

पत्रांकः– 377 / लेखा / न० नि० म० वृ० / 2017-18 दिनांकः– 29-1-18

कार्यादेश

मै0 मनीष पाण्डेय एण्ड एसोसियेट्स,
नोएडा / गाजियाबाद

नगर निगम मथुरा–वृन्दावन के अन्तर्गत तत्कालीन नगर पालिका परिषद मथुरा एवं वृन्दावन की निविदा में उल्लिखित अवधि की बैलेंस शीट, बैंक समाधान विवरण तथा अन्य कार्यो को सम्पादित किये जाने हेतु आमंत्रित निविदा में आपके द्वारा प्रस्तुत दर न्यूनतम होने के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय द्वारा दिनांक 16.01.2018 को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

अतः उक्त स्वीकृति के अनुपालन में दिनांक 19.01.2018 को नगर निगम मथुरा–वृन्दावन के साथ स्थापित अनुबन्ध में उल्लिखित शर्तों के अनुरूप कार्य निष्पादित करना सुनिश्चित करें।

लेखाधिकारी
नगर निगम मथुरा–वृन्दावन

प्रतिलिपिः– नगर आयुक्त महोदय, को अवलोकनार्थ प्रेषित।

लेखाधिकारी
नगर निगम मथुरा–वृन्दावन

O/C

Recd
01/02/2018

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH DY 673909

अनुबन्ध पत्र

नवसृजित नगर निगम मथुरा वृन्दावन में बैंक समाधान विवरण तथा ई–टी0डी0एस0 फाइलिंग ट्रायल बैलेंस शीट तैयार किये जाने हेतु सी0ए0 फर्म के चयन के सम्बन्ध में प्रथम–पक्ष नगर निगम मथुरा–वृन्दावन एवं द्वितीय पक्ष – सी0ए0 फर्म मै0 मनीष पाण्डेय एण्ड एसो0 के मध्य दिनांक 19.01.2018 को अनुबन्ध निम्न शर्तों के अधीन सम्पादित किया गया –

1. सी0ए0 फर्म मै0 मनीष पाण्डेय एण्ड एसो0 द्वारा नगर पालिका परिषद वृन्दावन की दिनांक 01.04.2012 की Opening Balance Sheet एवं वर्ष 2012–13 से 2017–18 (12.05.2017 तक) की बैलेंस शीट तथा बैंक समाधान विवरण एवं तत्कालीन नगर पालिका परिषद मथुरा का वर्ष 2016–17 तथा 2017–18 (12.05.2017 तक) की बैलेंस शीट तथा नगर निगम मथुरा–वृन्दावन का गठन होने के उपरान्त दिनांक 13.05.2017 से 31.03.2017 तक की संयुक्त बैलेंस शीट तथा बैंक समाधान विवरण की शर्तों से उल्लिखित अन्य लेखा कार्य सम्पादन किया जावेगा।
2. उक्त कार्य कार्यादेश जारी होने के दिनांक से 6 माह के अन्दर पूर्ण करना होगा।
3. सी0ए0 फर्म को नगर पालिका परिषद मथुरा एवं नगर पालिका परिषद वृन्दावन के लेखाभिलेखों की डाटा फीडिंग का कार्य उक्त पालिकाओं के कार्यालयों पर उपस्थिति रहकर करना होगा।
4. निर्धारित कार्यों के समयबद्ध एवं गुणवत्ता युक्त सम्पादन हेतु फर्म को निगम में दो सुयोग्य एवं अनुभवी पूर्ण कालिक स्टाफ एवं पर्यवेक्षण हेतु सप्ताह में कम से कम दो दिन एक अनुभवी चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स तैनात करना होगा।
5. प्रत्येक माह बी0आर0एस0 तथा ई–टी0डी0एस0 तथा जी0एस0टी0 का कार्य समयबद्ध रुप से पूर्ण करना होगा तथा नियमानुसार त्रैमासिक आधार पर दो प्रतियों में आयकर का फार्म 16 ए तथा वार्षिक आधार पर फर्म 16, उपलब्ध कराना होगा।
6. बी0आर0एस0 तैयार करने हेतु जिस अवधि का बैंक स्टेटमेन्ट लेखा कार्यालय में उपलब्ध नहीं होगा, सी0ए0 फर्म द्वारा बैंक से लिया जायेगा।
7. बैंक समाधान विवरण तैयार होने के पश्चात् सम्बन्धित कैश बुकों में समाधान प्रविष्टियाँ कराने का कार्य सी0ए0 फर्म द्वारा किया जायेगा।

For Manish Pandey & Associates

लेखाधिकारी

Partner

Scanned with CamScanner

को आय–व्यय की विभिन्न नियतकालिक एवं समय–समय पर आवश्यक सूचनाओं को तैयार प्रस्तुत करना होगा।

सी0ए0 फर्म को बैकलॉग कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि का भुगतान कार्य की पूर्णता के आधार पर किया जायेगा। उक्त अवधि के डाटा फीडिंग के उपरान्त स्वीकृत धनराशि का 20 प्रतिशत, ट्रायल बैलेंस शीट तैयार करने पर 40 प्रतिशत तथा अवशेष कार्यों को पूर्ण किये जाने पर 20 प्रतिशत का भुगतान किया जायेगा। बैकलॉग कार्य पूर्ण होने जाने के उपरान्त फर्म का उक्त कार्यों हेतु धनराशि रु0 2,40,000÷12) मासिक आधार पर कार्य सत्यापनोपरान्त भुगतान किया जायेगा।

10. वर्तमान में देय शासकीय करों की दरों एवं भविष्य में परिवर्तित दरों की देयता का अनुपालन दोनों पक्षों को स्वीकार होगा।
11. सी0ए0 फर्म द्वारा उक्त कार्य सतोषजनक रुप से सम्पादित किये जाने की स्थिति में उभयपक्ष की सहमति से सहमत दरों पर अनुबन्ध को आगामी वर्षो के लिये पुनर्नवीकृत किया जा सकता है।

For Manish Pandey & Associates

हस्ताक्षर प्रथम पक्ष
नगर निगम मथुरा–वृन्दावन

हस्ताक्षर द्वितीय पक्ष
मनीष पाण्डेय एण्ड एसो0 Partner

Scanned with CamScanner